सत्यमेव जयते

भारत सरकार
**आयुष मंत्रालय**

Yoga for Harmony & Peace

योग संगम



# योग-संगम

योग संगम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) 2025 के 10 मुख्य कार्यक्रमों में से एक है। यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के एक दशक पूरे होने के अवसर पर एक विशेष प्रयास है, जिसका उद्देश्य योग की पहुंच को जमीनी स्तर तक बढ़ाना तथा यह सुनिश्चित करना है कि हर कोई इसका लाभ उठा सके।

पिछले दशक में, आईडीवाई एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में विकसित हुआ है, जो संस्कृतियों एवं समुदायों के मध्य समग्र स्वास्थ्य, माइंडफुलनेस और सद्भावना को प्रोत्साहित करता है। दशक भर की इस लंबी यात्रा के उपलक्ष्य में, आईडीवाई 2025 में योग के आख्यान को बढ़ाने वाले दस मुख्य कार्यक्रम शामिल होंगे, जिसमें प्रत्येक का लक्ष्य समाज के विशिष्ट वर्गों तक पहुंच स्थापित करना है।
आयोजन का मुख्य कार्यक्रम योग संगम है, जो भारत भर में 1,00,000 स्थानों पर एक समन्वित किंतु विकेंद्रित सामूहिक योग प्रदर्शन की एक अभूतपूर्व पहल है।

यह अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, 21 जून, 2025 के दिन आयोजित किया जाएगा। यह देश भर में खुशहाली की एक सामंजस्यपूर्ण तस्वीर बुनेगा, क्योंकि सैकड़ों हज़ारों लोग योग के सक्षम कवच के नीचे एकजुट होंगे। अन्य नौ मुख्य कार्यक्रमों को योग संगम के निर्माण और गति में जोड़ने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

योग संगम की अवधारणा, योग अथवा व्यापक भागीदारी की संख्या के प्रदर्शन की तुलना में अधिक गहन है, और इसमें कई मुख्य विषय शामिल हैं:

- **राष्ट्रीय एकीकरण**: विविध पृष्ठभूमि, क्षेत्रों और संस्कृतियों के प्रतिभागियों को एक साथ लाकर, योग संगम राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देगा।
- **स्वास्थ्य एवं कल्याण**: यह कार्यक्रम लोगों को दैनिक जीवन में योग को शामिल करने, देश के समग्र स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगा।
- **सांस्कृतिक विरासत:** भारत की समृद्ध विरासत का जश्न मनाते हुए, योग संगम योग के वैश्विक केंद्र बिंदु के रूप में देश की भूमिका को मजबूत करेगा।
- **जागरूकता और पहुंच**: योग संगम, योग के लाभों का प्रचार करने तथा यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है कि सामाजिक-आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना यह सभी के लिए सुलभ हो।

**योग-संगम**

## योग सिखाने वाले बनें।
## योग संगम का आयोजन करें।

योग संगम सामान्य योग अभ्यासक्रम (सीवाईपी) पर आधारित 45 मिनट का सामंजस्यपूर्ण योग प्रदर्शन होगा, जैसा कि हर साल 21 जून को आयोजित किया जाता है।

आकांक्षी योग संगम आयोजकों को आयुष मंत्रालय के योग पोर्टल पर योग संगम कार्यक्रम आयोजित करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है, जो उनके संबंधित इलाके में, 21 जून को कार्यक्रम आयोजित करने के उनके प्रयोजन को चिह्नित करता है।

पंजीकरण के लिए वेबलिंक https://yoga.ayush.gov.in/yoga-sangam है, हालाँकि, योग संगम के आयोजन के लिए ऐसा पंजीकरण अनिवार्य नहीं है किन्तु यह आयोजकों को 21 जून को, योग पोर्टल पर फोटो और कार्यक्रम के अन्य विवरण अपलोड करने का अवसर देता है, और इस ऐतिहासिक अवसर के प्रमुख हितधारक होने के लिए एक ऑनलाइन प्रमाण पत्र भी प्रदान करता है।

योग संगम एक आयोजन से कहीं अधिक है; यह एक स्वस्थ, अधिक प्रबुद्ध भारत की ओर एक अनूठा आंदोलन है। जैसे-जैसे 21 जून निकट आ रहा हैं वैसे-वैसे योग संगम की भावना को अपनाने और एक योग दाता की भूमिका निभाने के लिए आपको आमंत्रित करना हमारा सौभाग्य है। अपने प्रस्तावों को पंजीकृत करें और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें। आइए हम योग को अपने जीवन का एक मौलिक हिस्सा बनाएं, भारत को स्वास्थ्य, खुशी और एकता के भविष्य की ओर निर्देशित करें।

**एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग**